राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड कोटा

क्रमांकः – 2353 **दिनांक :– 05.02.2016**

नीलामी सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल के खण्डीय स्टोर में अनुपयोगी सामान की नीलामी " जहां है जैसा हैं " के आधार पर की जानी है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग लेने के लिए सीलबंद प्रस्ताव दिनांक **23.02.2016** से **24.02.2016** को सांय **2.00** बजे तक खण्ड कार्यालय में प्रस्तुत करें। निविदाऐं **24.02.2016** को सांय **4.00** बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष कार्यालय में खोली जावेगी।

क्र.सं.	अनुपयोगी सामान का संक्षिप्त विवरण	न्यूनतम विक्रय मूल्य	स्थान जहां सामग्री का अवलोकन किया जा सकता हैं	धरोहर राशि
1.	खण्ड (तृतीय) स्टोर कोटा के अनुपयोगी लोहे के सामान, सागवान लकडी, बिजली, सेनेट्री तथा अन्य सामग्री	**374842/–**	1. रंगबाडी स्टोर कोटा/विज्ञान नगर स्टोर कोटा	**20000/–** डी.डी./पे–ऑडर राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड कोटा के नाम से देय
2.	खण्ड (प्रथम) स्टोर कोटा के अनुपयोगी लोहे के सामान, बिजली, सेनेट्री तथा अन्य सामग्री	**304753/–**	2. खण्डीय स्टोर पानी की टंकी के पास, विज्ञान नगर कोटा	**20000/–** डी.डी./पे–ऑडर राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड कोटा के नाम से देय

नीलामी की शर्ते निम्नानुसार हैं :–

1. सफल निविदाकर्ता को अधिकतम विक्रय मूल्य की 10 प्रतिशत राशि पूर्व में जमा राशि को समायोजित करते हुए 72 घंटे में जमा करवानी होगी, अन्यथा जमा राशि जब्त कर ली जावेगी।
2. न्यूनतम विक्रय मूल्य से कम की निविदा मान्य नहीं होगी।
3. जमा राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
4. निर्धारित समय के पश्चात् तथा धरोहर राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
5. उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण खण्ड कार्यालय के स्टोर में किया जा सकता हैं।
6. सफल निविदाकर्ता को सामग्री स्वयं के खर्चे पर खण्डीय स्टोर कोटा से उठानी होगी।
7. नीलामी की स्वीकृति नीलामी समिति द्वारा प्राप्त होने के पश्चात् ही निविदा सफल मानी जावेगी। मण्डल को बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार रहेगा।
8. निविदा स्वीकृति के पश्चात् शेष राशि मांग पत्र जारी होने के 60 दिवस में जमा करानी होगी तथा सामग्री निर्धारित तिथि के 7 दिवस में उठानी होगी।
9. निविदाकर्ता को मण्डल द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तो की पालना करना होगा।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल
खण्ड कोटा
0744–2500911